गुरुवार
16 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



भोजपुर में सोन नद में नहाने के दौरान डूबने से चार छात्रों की मौत, हंगामा 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

समस्तीपुर में हथियार के बल पर बैंक से 20 लाख की लूट

- मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के हरपुर ऐलॉथ स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की घटना
- चार की संख्या में आए बदमाशों ने बैंक के कर्मचारियों व ग्राहकों को गन प्वाइंट पर लेकर लूट की घटना को दिया अंजाम

केटी न्यूज/समस्तीपुर

बिहार के समस्तीपुर में बुधवार की सुबह बैंक लूट की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। चार की संख्या में पहुंचे हथियारबंद बदमाशों ने मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के हरपुर ऐलॉथ स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा में कर्मचारियों और ग्राहक को गन प्वाइंट पर लेकर काउंटर और तिजोरी से लगभग 20 लाख रुपये लूटकर आराम से फरार हो गए। इधर घटना की सूचना पर जिला पुलिस के तमाम अधिकारी व कई थानाध्यक्ष सहित डीआईयू की टीम मौके पर पहुंची।



मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बैंक के अंदर मौजूद ग्राहक और कर्मचारियों से पूछताछ की। सदर डीएसपी और डीआईयू की टीम बैंक के अंदर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा। इससे अपराधियों की पहचान करने में जुटे हैं।

दो बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे अपराधी: घटना के संबंध में बताया जाता है कि सुबह बैंक खुलने के बाद लगभग तीन से चार की संख्या में महिला ग्राहक रुपये निकालने के लिए पहुंचीं। इसी दौरान दस बजकर 24 मिनट पर दो बाइक पर सवार चार बदमाश हेलमेट और मास्क लगाए बैंक पहुंचे। दो बदमाश गेट पर रुक गए और दो अंदर घुस गए। इसके बाद बैंक के कर्मचारियों और ग्राहकों को गन प्वाइंट पर लेकर जमीन की ओर सिर झुकाकर खड़ा रहने के लिए कहा।

बोरा में भरकर ले गए रुपये: लूटपाट के दौरान एक बदमाश शाखा प्रबंधक और कैशियर को गन प्वाइंट पर लेते हुए काउंटर और तिजोरी से लगभग 20 लाख रुपये को बोरे में भरकर बाहर निकल गया। जाते-जाते बैंक का शटर बाहर से गिराकर बाइक पर बैठ फरार हो गए।

शहर में की गई नाकाबंदी: घटना के संबंध में सदर डीएसपी ने बताया कि बैंक खुलने के कुछ देर बाद ही चार की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। कितने रुपए की लूट हुई है इसका मिलान किया जा रहा है। लगभग 20 लाख रुपये की लूट हुई है। पुलिस अपराधियों के भागने की दिशा में छापेमारी कर रही है। शहर की नाकेबंदी कर दी गई है।

सीतामढ़ी में युवक की सौ से अधिक बार चाकू से गोदकर हत्या, विरोध में लोगों ने किया हंगामा

केटी न्यूज/सीतामढ़ी

सीतामढ़ी जिले में एक युवक की सौ से अधिक बार चाकू से गोद कर हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिये जाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवक मंगलवार से ही घर से लापता था। इधर, बुधवार को शव मिलने के बाद शहर से सटे पुनौरा थाना क्षेत्र के आंबेडकर चौक पर आक्रोशितों ने अगजनी कर घंटो हंगामा और प्रदर्शन किया। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस द्वारा काफी मशक्कत कर जाम को हटाया गया।

मृतक चिंटू कुमार (20 वर्ष) पुनौरा गांव का निवासी था। वह मंगलवार से घर से लापता था। बुधवार को कुछ लोग किसी काम से गांव से सटे झाड़ी की ओर गए थे, इसी दौरान लोगों ने चिंटू का शव सड़क किनारे झाड़ी में देखा। स्थानीय लोगों ने ही उसके परिजन को सूचना दी। युवक की हत्या का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है। उसके शरीर पर अनगिनत जगह चाकू का वार है। शव मिलने की खबर से लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों



ने सड़क को घंटों तक टायर जलाकर और बांस-बल्ला लगाकर जाम कर दिया। जाम के चलते शिवहर समेत अन्य जगहों पर जाने वाली गाड़ियों का आवागमन बाधित हो गया। आक्रोशित लोग घटना में शामिल अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सड़क जाम की सूचना पर हेडक्वाटर डीएसपी राम कृष्णा समेत कई थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया।

खबरें फटाफट

औरंगाबाद में घर लौट रहे व्यवासायी को चाकू से गोदा

औरंगाबाद। औरंगाबाद शहर में दुकान बंद कर घर लौट रहे चश्मा व्यवसायी को अपराधियों ने चाकू गोद दिया। इसके कारण चश्मा व्यवसायी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना नगर थाना क्षेत्र के गंज मुहल्ले की है। व्यवसायी नासीर आलम नगर थाना क्षेत्र के गंज मुहल्ला का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार उक्त व्यवसायी शहर के कचहरी रोड में चश्मा दुकान चलाता है। मंगलवार की रात दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान अपराधियों ने घेर लिया और मारपीट करते हुए चाकू गोद दिया। जब व्यवसायी ने शोर मचाया तो अपराधी फरार हो गए।

आखिर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता क्यों कर रही बीजेपी: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार को अडानी के मुद्दे पर फिर घेरा है। उन्होंने बीजेपी पर पलटवार करते हुए सवाल पूछा कि बीजेपी आखिर देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता क्यों कर रही है। उन्होंने एक ट्वीट कर सवाल पूछा, भारत की मिसाइलों और रडार को अपग्रेड करने का कॉन्ट्रैक्ट आखिर किस अधिकार से अडानी और इलारा के स्वामित्व वाली कंपनी को दिया गया है। उन्होंने सवाल पूछा, आखिर इलारा को कौन नियंत्रित करता है और अज्ञात विदेशी संस्थाओं को रणनीतिक रक्षा और सुरक्षा नियंत्रण देकर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से आखिर क्यों समझौता किया जा रहा है।

नौकरी के बदले जमीन का मामला: अब 29 मार्च को होगी केस की अगली सुनवाई

लालू, राबड़ी और मीसा को बड़ी राहत, रॉउज कोर्ट ने दी जमानत

- बिहार के पूर्व सीएम व राजद सुप्रीमो पर आरोप है कि रेल मंत्री रहते हुए उन्होंने नौकरी के बदले में लोगों से ली थी जमीन

एजेंसी/नई दिल्ली

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटी व आरजेडी सांसद मीसा भारती को जमीन के बदले नौकरी मामले में जमानत मिल गई है। रॉउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव, मीसा भारती और राबड़ी देवी को 50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दी। मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में तीनों आरोपी मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। सुनवाई शुरू होने पर सभी आरोपियों ने कोर्ट में जज के सामने अपनी उपस्थिति हाथ उठाकर दर्ज कराई।

इसके बाद लालू यादव, मीसा भारती और राबड़ी देवी ने कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। कोर्ट ने तीनों की याचिका मंजूर करते हुए सभी आरोपियों को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत का आदेश दिया। लालू यादव व्हीलचेयर पर बैठकर कोर्ट पहुंचे थे। लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने रेल मंत्री रहते हुए नौकरी के बदले में लोगों से जमीन ली थी। सीबीआई ने बीते साल 18 मई को लालू यादव के खिलाफ केस दर्ज किया था।



6 मार्च को सीबीआई और ईडी ने की थी पूछताछ

इसके पहले 6 मार्च को सीबीआई पटना स्थिति राबड़ी देवी के आवास पर पहुंची थी जहां उसने पूर्व सीएम से सवाल-जवाब किए थे। अगले ही दिन 7 मार्च को सीबीआई की टीम दिल्ली स्थित मीसा भारती के आवास पर पहुंची। यहां पर सीबीआई ने घोटाला मामले में लालू यादव से पूछताछ की थी। पूछताछ के तीन दिन बाद ईडी की टीम ने लालू यादव, तेजस्वी यादव और उनके परिवार व करीबियों के करीब 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने दावा किया था कि उसे छानबीन के दौरान 600 करोड़ के आर्थिक अपराध का पता चला है। ईडी ने बताया कि 1 करोड़ कैश, 1900 डॉलर, 540 ग्राम सोना और 1.5 किलो सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं।

लालू को कुछ हुआ तो फिर पूरा देश देखेगा क्या होगा: भाई वीरेंद्र

पटना। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव जमीन के बदले नौकरी मामले को लेकर इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं इस मुद्दे पर बिहार की राजनीति गरमा गई है। आरजेडी के प्रवक्ता भाई वीरेंद्र ने इस मामले को लेकर बुधवार को कहा कि लालू यादव को कुछ हुआ तो फिर पूरा देश देखेगा क्या होगा। बीजेपी को बिहार में पता चल जाएगा कि क्या उनके साथ होगा। भाई वीरेंद्र ने कहा के लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। लालू यादव को अभी इंफेक्शन का डर है। उनसे सीबीआई ने घर पर पूछताछ की। आज लालू यादव, राबड़ी देवी के साथ सीबीआई की विशेष अदालत में पेश हुए। लालू यादव का स्वास्थ्य खराब हो, इंफेक्शन हो जाए। लालू यादव की तबीयत खराब हो जाए ये बीजेपी चाहती है। लालू यादव को इंफेक्शन हुआ तो फिर पूरा देश देखेगा कि फिर क्या होगा। ये बीजेपी को चेतावनी दी है। आरजेडी प्रवक्ता ने कहा कि लालू यादव को अभी घर से निकलना और किसी से मिलना डॉक्टर ने मना किया लेकिन कभी सीबीआई पूछताछ कर रही है तो कभी अदालत में पेश होने कहा जा रहा है। वहीं, जमीन के बदले नौकरी' मामले को लेकर उन्होंने कहा कि लालू यादव ही बीजेपी को टक्कर दे सकते हैं, इसलिए उनको फंसाया जा रहा है। 'जमीन के बदले नौकरी' कोई मामला नहीं है।

लोकसभा चुनाव से पहले सभी जिलों में खुल जाएंगे मेडिकल कॉलेज: तेजस्वी



पटना। स्वास्थ्य और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सदन में घोषणा की कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बिहार के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खुल जाएंगे। 23 जिलों में अभी 24 कॉलेज हैं जिनमें से नौ शहरों में संचालन किया जा रहा तो वहीं 15 जिलों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सदन में कहा कि मैंने जब से स्वास्थ्य मंत्री के पद पर जिम्मेदारी संभाली है तब से लेकर अब तक एक ही प्रयास है कि बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को कैसे दुरुस्त किया जाए। हमारा प्रयास है कि समाज में अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित सुविधा मुहैया हो सके। इसी उद्देश्य से बिहार की महागठबंधन सरकार इस योजना पर कार्य कर रही। तेजस्वी ने ये भी कहा कि मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जमीन उपलब्ध होना भी एक बड़ी समस्या है। इसके लिए विभाग ने स्पेशल डेडिकेटेड टीम बनाएगा जो जमीन मुहैया कराने की कदम में कार्य करेगा।

वाराणसी में बनेगा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, जय शाह ने किया निरीक्षण



पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में जल्द ही इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम मूर्त रूप लेता दिखाई देगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बुधवार सुबह राजातालाब के डीह गंजारी गांव में चिह्नित 31 एकड़ जमीन का निरीक्षण किया। उनके साथ कमिश्नर कौशल राज शर्मा भी मौजूद रहे। कयास लगाए जा रहे हैं कि चैत्र नवरात्र में इस स्टेडियम का प्रधानमंत्री शिलान्यास करेंगे। वाराणसी में बीसीसीआई प्रदेश का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। जुलाई 2022 में इस बात की मुहर लग गयी थी। स्टेडियम के लिए गंजारी की 14 एकड़ सरकारी जमीन और 17 एकड़ किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। सरकार ने किसानों को 120 करोड़ का मुआवजा भी दिया है। स्टेडियम हाईटेक बनेगा, जिसके लिए बीसीसीआई डीपीआर तैयार करवा रहा है। गंजारी गांव का चयन रिंग रोड, एयरपोर्ट से नजदीकी को देखते हुए किया गया था।



सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में शादीशुदा मर्दो में आत्महत्या करने के मामलों में बढ़ोतरी का दिया गया हवाला

राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाने की मांग पर याचिका दायर

एजेंसी/नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें पुरुषों के लिए राष्ट्रीय आयोग की मांग की गई है। याचिका में कहा गया कि शादीशुदा मर्दो में आत्महत्या करने के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। याचिका में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का आंकड़ा दिया गया है। इससे निपटने के लिए गाइडलाइंस जारी करने और राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाने की मांग की गई है।

अधिवक्ता महेश कुमार तिवारी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की गई है। याचिका में अपील की गई है कि घरेलू हिंसा के शिकार विवाहित पुरुषों के लिए राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाया जाए। याचिका में एनसीआरबी



के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया, वर्ष 2021 में दावा किया गया कि उस वर्ष पूरे देश में 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की. याचिका में कहा गया है कि इनमें से आत्महत्या करने वाले विवाहित पुरुषों की संख्या 81,063 थी जबकि 28,680 विवाहित महिलाएं थीं।

घरेलू हिंसा के शिकार पुरुषों की शिकायतें तत्काल स्वीकार हों

याचिका में केंद्र को गृह मंत्रालय के जरिए पुलिस विभाग को यह निर्देश देने का अनुरोध भी किया गया है कि घरेलू हिंसा के शिकार पुरुषों की शिकायतें तत्काल स्वीकार की जाएं। याचिका में मांग की गई कि घरेलू हिंसा या पारिवारिक समस्या और विवाह संबंधी मुद्दों से पीड़ित विवाहित पुरुषों की आत्महत्या के मुद्दे पर अनुसंधान करने के लिए भारत के विधि आयोग को एक निर्देश/सिफारिश जारी करें और राष्ट्रीय जैसे मंच का गठन करने के लिए आवश्यक रिपोर्ट तैयार करें।

33.2 फीसदी पुरुषों ने विवाह संबंधी वजहों से दे दी जान: याचिका में एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया, वर्ष 2021 में पारिवारिक समस्याओं के कारण तकरीबन 33.2 फीसदी पुरुषों ने और 4.8 प्रतिशत पुरुषों ने विवाह संबंधी वजहों से अपना जीवन समाप्त कर लिया था। याचिका में विवाहित पुरुषों द्वारा आत्महत्या के मुद्दे से निपटने और घरेलू हिंसा से पीड़ित पुरुषों की शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है।

खबरें फटाफट

कैमरे की चोरी केस में दो गिरफ्तार

आरा। नवादा थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर में खिड़की का छड निकाल कैमरे चोरी करने के मामले में पुलिस द्वारा दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी सतीवाडा मंदिर निवासी टिंकू कुमार और सिन्हा ओपी क्षेत्र पोरहा गांव निवासी विकास कुमार शामिल हैं। कैमरे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार कृष्णा नगर वार्ड नंबर-11 निवासी अशोक नंदन सहाय द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। उसमें कहा कि यह 11 मार्च 23 रात उनके घर के लोग सो गए थे। उसी बीच उनकी खिड़की के छड़ निकाल 4ॠ कैमरा, आईपीओ और-3 डिजिटल फोटो कैमरा तीन पीस चोरी कर लिया गया।

पत्नी से मारपीट करने वाला धराया

आरा। नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ले में शराब के नशे में धुत पति द्वारा पत्नी की पिटाई करना काफी महंगा पड़ गया। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने नशे में धुत पति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पकड़ी मुहल्ला निवासी आनंद प्रसाद गुप्ता है। पुलिस के अनुसार शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। उसकी पत्नी द्वारा इसकी शिकायत स्थानीय थाने में की गयी। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

जहानाबाद से टिकट दलाल गिरफ्तार

जहानाबाद। स्थानीय रेलवे स्टेशन से मंगलवार को बुकिंग काउंटर नंबर 6 से टिकट दलाल पकड़ा गया। गिरफ्तार युवक का नाम याकूब आलम है। जो पटना जिले के फुलवारी शरीफ थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 5 निवासी मंसूर आलम का बेटा है। उसके पास से स्लीपर क्लास का तत्काल टिकट बरामद किया गया। जिसमें चार अलग अलग व्यक्ति का नाम था। साथ ही, 7500 रुपए एवं एक ओप्पो का पुराना मोबाइल जब्त किया गया।

आरा जिले के संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी बालू घाट के पास की घटना, पैर फिसलने से गहरे पानी में चले गए चारों नाबालिग

भोजपुर में सोन नद में नहाने के दौरान डूबने से 4 छात्रों की मौत, मुआवजे की मांग को ले हंगामा

- आक्रोशित ग्रामीणों ने बालू के ठेकेदारों पर हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करने की रखी मांग
- कहा - बालू के अवैध बालू खनन के कारण हुआ हादसा
- नियमों को ताक पर रख बालू खनन कर रहे हैं माफिया





केटी न्यूज/आरा

आरा जिले के संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी बालू घाट के पास सोन नद में डूबने से एक ही गांव के चार स्कूली छात्रों की मौत हो गयी। बुधवार सुबह नहाने के दौरान चारों सोन के गहरे पानी में डूब गये। जिसके बाद साथ में आए दोस्तों के शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे और चारों को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। सदर अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों द्वारा चारों को मृत घोषित कर दिया गया। मृत छात्रों में अजीमाबाद थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी जज चौधरी का 6 वर्षीय बेटा शुभम कुमार, वीरेंद्र चौधरी का 12 साल का बेटा अमित कुमार, बजरंगी चौधरी का 12 वर्षीय बेटा रोहित कुमार और स्व. रामराज चौधरी का 9 साल का पुत्र रोहित कुमार शामिल हैं। शुभम कुमार और रोहित कुमार चचेरे भाई थे। इधर, घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और जमकर हंगामा मचाया। मुआवजे और बालू घाट के संवेदकों पर हत्या का केस करने सहित अन्य मांगों को लेकर लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जाम कर रहे लोग बच्चों की मौत के लिए बालू घाट की अवैध खुदाई बता रहे थे। उससे नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाईवे पर करीब पांच घंटे तक आवागमन बाधित रहा। हादसे की सूचना मिलने पर बीडीओ और संदेश थानाध्यक्ष अवधेश कुमार सहित अन्य अफसर पहुंचे। बाद में डीसीएलआर और एसडीपीओ राहुल सिंह पहुंचे और लोगों को शांत कराया।

मुआवजे और अफसरों की ओर कार्रवाई के आश्वासन के बाद सड़क से हटे लोग: चार स्कूली छात्रों की सोन में डूबने और मौत होने से लोगों में प्रशासन के प्रति जबरदस्त गुस्सा था। बच्चों की मौत की खबर मिलते ही ग्रामीण सड़क पर उतर गये। बालू घाट के संवेदकों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने, खनन के कारण घाट पर बन रहे गड्ढों की जांच करते हुए कार्रवाई करने और मृत बच्चों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर लोगों द्वारा सड़क जाम कर दिया गया। ग्रामीणों के समर्थन में भाकपा-माले और भाजपा के कार्यकर्ता भी सड़क पर उतर गये। सभी लोगों का एक स्वर में कहना था कि सहार से कोईलवर तक नियम को ताक पर रख बालू का खनन किया जा रहा है। उस कारण जगह-जगह खतरनाक गड्ढे बन रहे हैं। उसमें हर साल लोग डूब जा रहे हैं। उसके बावजूद जिला प्रशासन मौन है।

घटना के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी : जाम की सूचना पर बीडीओ और सीओ के अलावे अजीमाबाद, सहार और चरपोखरी सहित अन्य थानों की पुलिस पहुंच गयी। लोगों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोग डीएम, एसपी व खनन विभाग के वरीय अधिकारी को बुलाने की मांग कर अड़ गए। तब डीसीएलआर और पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह पहुंचे। दोनों अफसरों द्वारा गढ्ढों की जांच कर आवश्यक करवाई करने का आश्वासन दिया गया। बच्चों के परिजनों को तत्काल पारिवारिक लाभ के तहत 20 हजार रुपए का चेक दिया गया और आपदा के तहत चार लाख रुपये देने की घोषणा की गयी। उसके बाद सड़क जाम समाप्त हो सका।

थानेदार से सीएम तक को दिया गया आवेदन फिर भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

भाकपा-माले की ओर से कहा गया कि बालू घाटों पर संबंधित संवेदकों द्वारा मनमाने ढंग से खनन किया जा रहा है। उससे सोन नदी में जगह-जगह दर्जनों फीट गहरे गढ्ढे हो गये हैं। ऐसे में आये दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती है। किसानों के सिंचाई के लिए एक मात्र कोईलवर नहर को दर्जनों जगहों पर काट कर अवैध पुल-पुलिया का निर्माण कर दिया गया है। उससे सिंचाई के लिए किसानों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। उसे लेकर पार्टी कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों द्वारा सीएम, डीएम, खनन अधिकारी, सीओ, बीडीओ और थाना प्रभारी तक को आवेदन दिया गया। लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उस कारण यह घटना हो गयी। आवेदन देने के बाद भी करवाई नहीं किये जाने पर से इस अवैध खेल में संबंधित लोगों की संलिप्तता की बू आ रही है। उन्होंने कहा है इसके बाद भी प्रशासन ने इस दिशा में कार्रवाई नहीं कि तो आनेवाले दिनों में और भी कई घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन तत्काल संज्ञान लेते हुए इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए।

खाना बना इंतजार करती रही मांए, चारों बच्चों को लील गयी सोन :

अजीमाबाद थाने के नूरपुर गांव के लिए बुधवार का दिन काला साबित हुआ। बगल से गुजर रही सोन नदी गांव के चार बच्चों को एक साथ लील गयी। चार बच्चों के एक साथ डूबने की खबर मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। लोग गिरते-भागते फुलाड़ी बालू घाट पहुंचे। किसी तरह बच्चों को सोन के गहरे पानी से निकाल आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। वहां चारों बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद तो मानों पूरे गांव पर कुठाराघात हो गया। चारों ओर चीख-पुकार मच गयी। घरों में रोना-धोना शुरू हो गया। महिलाओं की चीत्कार और विलाप से पूरा माहौल गमगीन हो गया था। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह गांव में लोग अपने-अपने काम को लेकर व्यस्त थे। मजदूर काम करने के लिए घर से निकल चुके थे। घर की महिलाएं खाना बना कर चौका बर्तन की साफ-सफाई में लगी थी। तभी अचानक करीब 10 बजे चार बच्चों के सोन में डूबने की मनहूस खबर फैल गयी। उसके बाद ग्रामीण महिला और पुरुष सोन नदी की ओर दौड़ पड़े।

तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था शुभम

बताया जाता है कि शुभम कुमार तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां रंजू देवी, भाई सन्नी कुमार और आयुष कुमार है। वहीं अमित कुमार अपने दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में मां सुमांती देवी, भाई अंकित कुमार और बहन खुशी है। रोहित कुमार अपने तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। उसके परिवार में मां लक्ष्मीना देवी, भाई प्रदेशी कुमार,विदेशी कुमार और एक बहन लालसा कुमारी है। जबकि रोहित कुमार अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां रेखा देवी, एक भाई मोहित कुमार और दो बहन है।

टिंकू और सागर की पुकार सुन मदद के लिए दौड़ पड़े गांव के लोग : बताया जा रहा है कि गांव के छह दोस्त सोन की ओर गये थे। वहां चार नहाने के लिए सोन में चले गए। चारों गहरे पानी में डूबने लगे। साथ गये 11 वर्षीय टिंकू कुमार और 12 वर्षीय सागर कुमार ने दोस्तों को डूबते देखा, तो पहले हाथ पकड़ कर बचाने की कोशिश की। कामयाबी नहीं मिली, तो दोनों शोर मचाते गांव की तरफ दौड़े। दोनों बच्चों की पुकार सुन ग्रामीण सोन नदी की ओर दौड़ पड़े। हालांकि जबतक ग्रामीण सोन के पास पहुंचते और बच्चे को बाहर निकलते तबतक काफी देर हो चुकी थी। दम घुटने से चारों बच्चों की मौत हो चुकी थी। उसके बावजूद परिजन बच्चों के जिंदा होने की आस लेकर तत्काल संदेश स्थित रेफरल अस्पताल पहुंचे थे।

अवैध खनन के कारण पहले भी डूबने से होती रही हैं मौतें

सोन नद में बालू खनन को लेकर बन रहे गहरे गड्ढों में पानी भरने के कारण अक्सर हादसे होते रहे हैं। गहरे गड्ढों में डूबने से हर साल लोगों की जान भी जा रही है। ग्रामीणों की मानें तो पिछले साल भी करीब आधा दर्जन लोगों की सोन नद में डूबने से मौत हो गयी थी। बताया जा रहा है कि पिछले साल दाह संस्कार में शामिल होने गए नसरतपुर गांव के तीन युवक नहाने के दौरान सोन में डूब गए थे। उनमें अश्विनी कुमार , गुड्डू साव और विकास कुमार थे। उसी तरह पिछले साल होली के दिन दोस्तों के साथ संदेश सोन नदी में नहाने के दौरान संदेश प्रमुख सत्येंद्र मेहता के के पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ सागर डूब गए थे। चैती छठ पर्व के दौरान सारीपुर गांव निवासी मंतोष साव का पुत्र रोहित कुमार और जलपुरा गांव निवासी जगदीश राम का पुत्र धीरज कुमार सोन में डूब गए थे। सोन नद में नहाने के दौरान संदेश टोला निवासी रामईश्वर रवानी का पुत्र राजन कुमार की भी मौत हो चुकी है।

कुल्हड़िया गांव के पास पिकअप ट्रक में टक्कर, आठ लोग घायल

केटी न्यूज/आरा

आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव के पास बुधवार की दोपहर पिकअप ड्राइवर की आंख झपकते ही ट्रक व पिकअप की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप पर सवार डांसर, गायक, म्यूजिसियन समेत ऑर्केस्ट्रा पार्टी के करीब 8 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से कोईलवर पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया।

जख्मियों में गाजीपुर जिला के कस्माबाद थाना क्षेत्र के औराकोल गांव निवासी कुश कुमार, शिव कुमार, हृदया कुमार, श्री भगवान, उसी थाना क्षेत्र के सीधागर घाट गांव निवासी रोहित कुमार, अवरापुरा गांव निवासी बसु कुमार, ओड़िशा के भदरख की सोनी, भुवनेश्वर की रानी, दिल्ली के दशरथपुरी निवासी छोटी एवं सोनी कुमारी शामिल है।

घायलों के परिजन ने बताया कि सभी लोग ऑर्केस्ट्रा में गाने-बजाने, नाचने का काम करते हैं। सोमवार की सुबह सभी लोग बलिया से ऑर्केस्ट्रा टीम के साथ एक शादी समारोह में नाच-गाना करने के लिए गया गए थे। प्रोग्राम खत्म करने के बाद जब सभी लोग पिकअप पर सवार होकर आरा होते हुए बलिया जिला के रसड़ा लौट रहे थे। उसी दौरान कुल्हड़िया गांव के समीप पिकअप के ड्राइवर की आंख झपकी, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई।

पंच की हत्या में मामले में तीन गिरफ्तार, संपत्ति हड़पने और केस से बचने के लिए बेटों ने ही पिता को उतार दिया मौत के घाट

- दूसरी पत्नी के दोनों बेटों ने साथियों संग मिल योजना के तहत की थी हत्या
- हत्या में चार लोगों की थी संलिप्तता, अब एक की तलाश में पुलिस कर रही छापेमारी



केटी न्यूज/आरा

जिला मुख्यालय स्थित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसहुला गांव निवासी पंच बृजभार साह हत्याकांड का पुलिस द्वारा तीन दिन में राजफाश कर दिया गया। पूरी जायदाद हड़पने और केस से बचने को पंच की दूसरी पत्नी के दोनों बेटों ने साथियों संग प्लानिंग के तहत उनका मर्डर किया गया था। पंच के दोनों बेटों सहित तीन आरोपितों की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद पुलिस ने यह खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपितों में पंच बृजभार साह के पुत्र धीरज कुमार, सूरज कुमार और सुरेश साह के पुत्र सूरज कुमार शामिल हैं। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि हत्या के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी और घटना का उद्भेदन करने को एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में स्पेशल टीम गठित की गयी।

तफ्तीश में जुटी टीम द्वारा घटनास्थल से मिले साक्ष्य और इनपुट के आधार पर तीन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गयी। उसमें तीनों ने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। एसपी के अनुसार पंच के दोनों बेटों से पूछताछ में पता चला कि उनके बीच पूर्व से ही जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उस बीच उनके दोनों बेटों द्वारा उनकी कुछ जमीन बेच दी गयी। उसकी जानकारी मिलने पर पंच की ओर से रजिस्ट्री रद्द कराने और केस करने की तैयारी की जा रही थी। उसे लेकर उनकी दूसरी पत्नी के बेटों धीरज और सूरज ने दो साथियों संग मिल हत्या की साजिश की। दोनों का यह भी मानना था कि पिता की हत्या कर देने से बंटवारे का झगड़ा खत्म हो जाएगा और पूरी जायदाद उनकी हो जायेगी। उसी के तहत रविवार की रात धीरज और सूरज ने अपने दो दोस्तों संग मिलकर उनकी हत्या कर दी। उसके बाद शव को दफन कर दिया गया। एसपी द्वारा बताया गया कि हत्या में चार लोग शामिल थे। उनमें तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब एक आरोपित की तलाश है। उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीम में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

एक नजर

किसानों के कौशल एवं दक्षता विकास करने में आत्मा का अहम योगदान: डीएओ



जहानाबाद। आत्मा के द्वारा संयुक्त कृषि भवन परिसर में आयोजित जिला स्तरीय तीन दिवसीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी व प्रतियोगिता कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। समापन समारोह में जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा संजय कुमार के द्वारा बताया गया कि इस जिले के किसान बहुत मेहनती हैं। यहां जहानाबाद जिले में किसानों द्वारा धान, गेहूं, मक्का आदि फसलों के साथ नगदी फसलों, सब्जी, फल, फूल, शहद, मशरूम का भी उत्पादन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। आत्मा द्वारा किसान मेला, किसान प्रशिक्षण, किसान परिभ्रमण व परिदर्शन आदि प्रसार कार्यक्रमों को आयोजित कर किसानों के कौशल एवं दक्षता विकास करने में अहम योगदान देकर प्रयास किया जा रहा है। साथ ही, किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ कृषि की नवीनतम तकनीकों की भी जानकारी प्रदान की जा रही है। इस किसान मेला के उद्यान प्रदर्शनी/प्रतियोगिता कार्यक्रम में इस जिला के किसानों द्वारा उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया गया और सभी प्रगतिशील किसानों द्वारा अच्छे-अच्छे उत्पाद प्रादर्श लाए गए। जिसके लिए किसानों को कृषि विभाग की ओर से हार्दिक सराहना एवं आभार व्यक्त किया गया।

नगर निगम सासाराम के सात सैरातों की बंदोबस्ती

सासाराम। नगर परिषद से नगर निगम बनने के बाद नगर निगम, सासाराम के सात सैरातों की पहली बंदोबस्ती बुधवार को संपन्न हुई। कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर आयुक्त, मेयर काजल कुमार, उप मेयर सत्यवती देवी, एवं सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों की मौजूदगी में सैरातों की बंझेबस्ती संपन्न हुई। सबसे बड़ी बंदोबस्ती सासाराम बस सटैण्ड की हुई। बस स्टैंड की बंदोबस्ती 70 लाख 51 हजार में हुई। इसके बाद फल-सब्जी बाजार की बंदोबस्ती 14 लाख 90 हजार रूपए में हुई। मछली बाजार की बंदोबस्ती 11 लाख 13 हजार में हुई। मुर्गा-अंडा बाजार की बंदोबस्ती 4 लाख 25100 में हुई। गोला बाजार की बंदोबस्ती 5 लाख 26 हजार 771 रुपए में हुई। वधशाला की बंदोबस्ती 2 लाख 40 हजार 500 में हुई। ईंट गिट्टी बालू बाजार की बंदोबस्ती 4 लाख 80 हजार 400 में हुई। ज्ञात हो कि नगर परिषद, सासाराम की अंतिम बंदोबस्ती वर्ष 2020 में हुई थी। उसके बाद कोरोना काल में बोबस्ती नहीं हो सकी थी। इसके बाद नगर परिषद सासाराम, नगर निगम में उत्क्रमित हो गया। नगर निगम की यह पहली बंदोबस्ती थी। बताते हैं कि प्रत्येक बंदोबस्ती में 50 प्रतिशत से भी अधिक वृद्धि हुई है। पीछली बंदोबस्ती में बस पड़ाव की नीलामी लगभग 45 लाख में हुई थी, जो इस बार 70 लाख 51 हजार पहुंच गई।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केंद्रों तथा पोषक क्षेत्र में बच्चों को खिलाएंगी दवा

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम: जिले के 9.81 लाख बच्चे खायेंगे अल्बेंडाजोल की गोली

- 16 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस तथा 20 मार्च को मॉप अप दिवस का किया जाएगा आयोजन

केटी न्यूज/बक्सर

बच्चों को कुपोषण से मुक्त बनाने तथा रक्त की कमी की समस्या को दूर करने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत बाल मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य जिले में 16 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस तथा 20 मार्च को मॉप अप दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों



में विद्यालय पर अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। कार्यक्रम के सघन अनुश्रवण हेतु राज्य स्तरीय अनुश्रवण टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा विभिन्न प्रखंडों में जाकर अनुश्रवण की जाएगी और सत्यापित प्रतिवेदन शिशु स्वास्थ्य को शाम को समर्पित करेंगे।

जिले के करीब 9.81 लाख बच्चे खायेंगे अल्बेंडाजोल की गोली: जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राजकिशोर सिंह ने बताया कि जिले में 9,81,117 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। भारत सरकार के अभियान के तहत आंगनबाड़ी जाने वाले लक्षित 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों तथा स्कूल जाने वाले 6 वर्ष 19 वर्ष तक के बच्चों एवं स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों को आशा कार्यकर्ता द्वारा गृहभ्रमण कर अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण अस्वच्छता तथा दूषित मिट्टी के संपर्क में आने से होती है। कृमि संक्रमण से बच्चों के पोषण स्तर तथा हीमोग्लोबिन स्तर पर दुष्प्रभाव पड़ता है, जिससे बच्चों में शारीरिक व बौद्धिक विकास बाधित होती है।

दवा का सेवन कराते समय बरतनी होगी यह सावधानी: डॉ. सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दौरान बच्चों को दवा खिलाते समय कुछ सावधानी भी बरतनी होगी। जैसे कि अगर किसी बच्चों की कोई गंभीर बीमारी का इलाज चल रहा है और वह नियमित रूप से दवा खा रहा , कोई भी बच्चा सर्दी ,खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ से बीमार है तो, उसे यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली को चूरा बनाकर पानी के साथ, 2 से 3 वर्ष को एक पूरी गोली चूरा बनाकर पानी के साथ तथा 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरी गोली चबाकर खिलायी जानी है। उन्होंने बताया कि दवा खिलाते समय यह ध्यान रखा जाये कि बच्चे दवा को चबाकर खाएं। दवा खाने के बाद जी मचलालना, पेट में हल्का दर्द, उल्टी, दस्त और थकान महसूस होना, लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। पेट में कीड़ा होने के कारण यह प्रतिकूल प्रभाव दिखाई देगा। इस दौरान बच्चों को आराम की सलाह दें तथा उसे लेट जाने को कहें। 10 मिनट में समस्या स्वयं ही दूर हो जाएगी।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उद्देश्य: राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य बच्चों के समग्र स्वास्थ्य पोषण की स्थिति, शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोतरी के लिए विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष की आयु के बीच के विद्यालय जाने से पहले और विद्यालय आयु के बच्चों (नामांकित तथा गैर नामांकित) को कीड़े समाप्त करने की दवा (कृमिनाशक) देनी है।

खबरें फटाफट

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत

नावानगर। स्थानीय अंचल के कड़सर गांव में एक सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर ग्रामीण हरेंद्र सिंह ने सीओ के पास आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में बताया है कि गांव के रविंद्र चौधरी द्वारा आनाबाद बिहार सरकार की जमीन को घेराबंदी कर अतिक्रमण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि आम सरोकार की सरकारी जमीन पर घेराबंदी कर कब्जा कर लेने से आवागमन समेत अन्य परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस जमीन पर नल जल योजना की पानी टंकी का निर्माण भी हुआ है। इसके बावजूद उक्त जमीन पर अतिक्रमण कर उक्त व्यक्ति द्वारा कब्जा जमा लिया गया है। इस संबंध में सीओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि अतिक्रमण के प्राप्त आवेदन पर जल्द मापी कराया जाएगा। मापी में आम सरोकार की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आया तो उसे तोड़वाकर अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

हर्ष फायरिंग में मौत मामले में दर्ज हुआ एफआईआर

राजपुर। राजपुर थाना क्षेत्र के हेदुआ गांव में 12 मार्च की रात चर्चित भोजपुरी गायक ब्रजेश सिंह के तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से किशोर की मौत मामले में आखिरकार एफआईआर दर्ज हो गया है। घटना के तीसरे दिन मृतक चौहान के भाई लालजी चौहान ने राजपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर मे लालजी ने बताया है कि 12 मार्च को भोजपुरी गायक के तिलकोत्सव तथा उनकी बहन के शादी के दौरान नाच गाने का प्रोग्राम चल रहा था। जिसमें उसका छोटा भाई अमरजीत चौहान भी नाच देख रहा था। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा हर्ष फायरिंग किया जा रहा था।

नियोजन मेला में 191 युवाओं को मिली नौकरी, 431 ने कराया था रजिस्ट्रेशन

- जिला नियोजनालय व श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुआ मेला
- मेला में उम्मीद से बहुत कम जुटे थे युवा, फीका रहा उत्साह

केटी न्यूज/बक्सर



श्रम संसाधन विभाग व जिला नियोजनालय बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को आईटीआई परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन में रोजगार मेला सह कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 431 युवाओं ने अपना रजिस्टेज्शन करवाया था। इनमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा 191 का चयन किया गया है। जबकि 48 युवाओं को कैरियर गाइड लाइन दिया गया। हालांकि इस नियोजन मेला में काफी कम संख्या में बेरोजगार युवा पहुंचे थे। नियोजन मेला में अभ्यर्थियों की कम संख्या से कई सवाल खड़े हो रहे है। इसके प्रचार प्रसार में कमी के साथ ही मेला युवाओं के भरोसे पर खरा नहीं उतरने की बात कही जा रही है। जिस कारण इस बार काफी कम संख्या में युवा इस मेला में आए थे। बता दें कि बेरोजगारो को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने के लिए बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के निदेर्शानुसार जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वावधान में जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन -सह- व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया था। लेकिन पूर्व के नियोजन मेला उम्मीद के मुताबिक अभ्यर्थियों को रोजगार नहीं मिला था। युवाओं ने रोजगार मेला में शामिल कंपनियों पर भरोसा भी नहीं जताया। यही कारण है कि इस बार काफी कम संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे थे।

खाली पड़े रहे अधिकांश काउंटर

पूरे दिन चले इस नियोजन मेला में अधिकांश काउंटर पूरे दिन खाली पड़े रहे थे। पहले कुछ घंटों में तो काउंटरों पर भीड़ जरूर देखी गई। इसके बाद प्रायः काउंटर खाली थे। अभ्यर्थियों के नहीं पहुंचने से नियोजन मेला में मौजूद कर्मी भी हैरान हो रहे थे। पूरे दिन के इंतजार के बाद मात्र 431 अभ्यर्थी ही इस मेला में पहुंचे थे। खाली काउंटर व कुर्सियां इस बात की प्रमाण है कि नियोजना मेला अब इस जिले के युवाओं को रास नहीं आ रहा है। जिस कारण मेला में युवाओं की सहभागिता घटते जा रही है। जिला नियोजनालय के लिए यह स्थिति चिंतनीय है।

मेला को संपन्न कराने के लिए बनाए गए थे 18 स्टाल: नियोजन मेला में कुल 18 स्टॉल लगाये गये थे। जिसमें 17 निजी क्षेत्र के नियोजक एवं 01 सरकारी विभाग आरसेटी के स्टॉल थे। यह मेला नियोजक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाया गया था। मेले की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क थी। मेले में कुल 431 बायोडाटा प्राप्त हुए। जिसमें स्थल पर 191 अभ्यर्थियों का चयन प्रथम स्तर पर किया गया है। इसके अलावा 48 अभ्यर्थियों को सरकारी विभाग द्वारा चलायी जा रही स्वरोजगार हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में व्यवसायिक मार्गदर्शन भी दिया गया है। इस दौरान नियोजन पदाधिकारी अनिश तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधि के अलावा वाइपी रोहित भारती, उच्च वर्गीय लिपिक सरोज कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर तिरुपति नाथ शर्मा, महात्मा गांधी नेशनल फैलों मो इमरान हसीब, डीएसई रवि कुमार, कुन्दन कुमार एवं डीएसएम उत्पल कुमार अपने सभी कर्मियों के साथ उपस्थित थे।

प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के रसोईयों ने कवलदह पोखरा के पास दिया एक दिवसीय धरना

हक के लिए रसोईयों ने उठाई आवाज बोलीं- बंधुआ मजदूर जैसी हो गई है स्थिति

- राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोईया फ्रंट के संस्थापक सह राष्ट्रीय महासचिव रामकृपाल के निर्देश पर आयोजित हुआ धरना
- हाथों में छोलनी, कलछुल, तसला, बैनर भोजन लेकर रसोइयों ने किया प्रदर्शन

केटी न्यूज/बक्सर



बुधवार को राष्ट्रीय मध्याह्न रसोइया फ्रंट के तत्वावधान में जिले के सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के रसोईयों ने कवलदह पोखरा के पास एक दिवसीय धरना दिया। धरना से पूर्व ऐतिहासिक किला मैदान में एकजुट हुई रसोईयां वहा से जुलूस निकाल स्टेशन रोड होते हुए कवलदह पोखरा पहुंची। जुलूस के दौरान रसाईयां सरकार के खिलाफ गगनभेदी नारे लगा रही थी। यह एक दिवसीय धरना 15 सूत्री मांगों के समर्थन में राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोईया फ्रंट के संस्थापक सह राष्ट्रीय महासचिव रामकृपाल के निर्देश पर आयोजित किया गया था। जिसमें बक्सर जिले की प्रदर्शनकारी रसाईयां बड़ी संख्या में शामिल हुई। इस दौरान उनके हाथों में छोलनी, कलछुल, तसला जैसे मध्याह्न भोजन बनाने वाले बर्तन भी थे।

धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रधानमंत्री कौशल योजना में कार्यरत रसोइयों की स्थिति वर्तमान समय में दयनीय हो गई है। उन्हें इतना कम मानदेय मिल रहा है जिससे इस बढ़ती हुई भीषण महंगाई में जीवन चलाना मुश्किल हो गया है। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालयों में रसोइयों के साथ बंधुआ मजदूरो जैसा व्यवहार किया जाता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंटू चौधरी ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को गरिमा पूर्वक जीने का अधिकार है। श्रम कानूनों में न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की गई है। लेकिन एमडीएम से जुड़ी रसोईयों को न्यूनतम मजदूरी से भी बहुत कम मानदेय मिल रहा है। वक्ताओं ने कहा कि काम के बदले उचित मजदूरी का भुगतान करना सरकार का संवैधानिक बाध्यता होनी चाहिए। लेकिन सरकार हम सभी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

धोखा दे रही है सरकार

धरना के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरकार उन्हें धोखा दे रही है। न तो उन्हें सरकारी कर्मियों जैसा वेतन व भत्ते दिया जा रहा है और न ही रिटायमेंट के बाद पेंशन। जबकि शिक्षकों के साथ ही वे पूरे दिन स्कूलों में रहती है तथा बच्चों के एमडीएम बनाने तथा उन्हें खिलाने का महत्वपूर्ण काम करती है। सरकार बार-बार मानदेय बढ़ोत्तरी का आश्वासन देकर धोखा दे रही है। लंबे समय से उनके मानदेय में वृद्धि नहीं की गई है। जबकि इस दौरान महंगाई दुगनी से तिगुनी हो गई है। जिस कारण परिवार चालाना मुश्किल हो रहा है। संगठन के जिला अध्यक्ष कंचन कुंवर ने कहा कि अगर सरकार हमारी बाते नहीं सुनेगी तो आने वाली चुनाव में रसोइया सरकार को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि सरकार हाई कोर्ट के निर्देश के मुताबिक उन्हें न्यूनतम मजदूरी तथा सुरक्षित भविष्य की गारंटी दें। उन्होंने कहा कि रसाईयां फ्रंट अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए आगामी 27 व 28 मार्च को पटना के गर्दनीबाग में घेरा डालों, डेरा डालों महाधरना का आयोजन किया गया है। जिसमें राज्यभर से रसोईयां शामिल होगी तथा सरकार की ईंट से ईंट बजाकर रख दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार यदि इसके बाद भी उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तो और उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर महेन्द्र यादव, शोभा देवी, आरती देवी, पुजा देवी, रागिनी, रिचा कुमारी, शोभा देवी, निरंजन पाण्डेय, गुड़िया देवी, सीमा देवी, रामजी पासवान, आरती देवी, पूनम देवी, बबन चौधरी समेत सैकड़ो रसोईयां उपस्थित थी।

एक नजर

रेडक्रॉस के वरिष्ठ सदस्य राजेश्वर सिंह के निधन पर आयोजित हुआ शोकसभा



डुमरांव। रेडक्रास के वरिष्ठ सदस्य राजेश्वर सिंह के निधन पर सोसायटी की जिला उपशाखा डुमरांव ने बुधवार को एक शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विदित हो कि पिछले दिन हृदय गति रुक जाने से ग्रामीण बैंक प्रबंधक राजेश्वर सिंह की मृत्यु अचानक हो गई थी। संस्थान के सचिव डॉ बालेश्वर सिंह ने उन्हें नेक दिल इंसान बताया। शिक्षक डॉ मनीष कुमार शशि ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वह समाज सेवा और संस्थान की गौरव रहे हैं। शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता ने उन्हें भद्र इंसान की उपाधि दी। 2 मिनट मौन से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि संस्थान के कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। रेडक्रास द्वारा आयोजित कंबल वितरण, पर्यावरण जागरूकता, शिक्षक सम्मान समारोह के साथ-साथ सामाजिक मिलन समारोह में भी उनकी अग्रणी भूमिका रही है। श्रद्धांजलि सभा में जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा के पूर्व वीसी दुर्ग विजय सिंह, रेडक्रास के कोषाध्यक्ष विमलेश कुमार, मोहन प्रसाद चौधरी, उमेश कुमार गुप्ता, वंशीधर मिश्र, सुरेंद्र राय, रघुनाथ मिश्र, विमलेश सिंह, डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ कामेश्वर सिंह, डॉ विनीता सिंह, दिलीप कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, गौरव अमित, राजीव अमित, ऋषभ सिंह इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।

दीक्षा ऐप पर माइक्रो-लर्निंग एण्ड एम्प्रूवमेंट प्रोग्राम कार्यक्रम का किया गया लंचिंग



बक्सर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत डायट के माध्यम से जिला का शैक्षणिक सशक्तिकरण कार्यक्रम माइक्रो-लर्निंग एण्ड एम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत कक्षा 1 से 12 के शिक्षकों के लिए पाठ्यचर्या और समावेशी कक्षा कोर्स का लॉचिंग जिला शिक्षा पदाधिकारी, बक्सर अनिल कुमार द्विवेदी और प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डुमराँव बक्सर दीक्षा कोर्स समन्वयक-सह-वरीय व्याख्याता, नवनीत कुमार सिंह, अजय कुमार तिवारी, दिनेश सिंह, गुणवत्ता संभाग प्रभारी डॉ0 प्रभात और डायट के समस्त व्याख्याता, दीक्षा तकनीकी टीम के सदस्यों द्वारा डायट और समग्र शिक्षा कार्यालय बक्सर में हाईब्रिड मोड में किया गया। मुख्य अतिथि सह डीईओ श्री द्विवेदी ने डायट द्वारा शुरू किये गयें इस कोर्स की सराहना की। समावेशी कक्षा के विभिन्न पहलुओं की चर्चा करते हुए डीईओ ने कहा कि यह कोर्स जिले के सभी शिक्षकों के लिए नियमित कक्षाओं में विशेष आवश्यकता वालें बच्चों को शामिल करने के लिए अपने विद्यमान कौशल को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा। जबकि डायट के प्राचार्य विवेक कुमार मौर्य ने कहा कि डायट, डुमराँव द्वारा शुरू किया गया यह कोर्स बक्सर जिले के कक्षा 1 से 12 तक के सभी शिक्षकों को समावेशी शिक्षा तथा समावेशी कक्षा निर्माण के रणनीति बनाने की एक समृद्ध समझ विकसित करने में सहायक है। व्याख्याता भूपेंद्र सिंह यादव ने आगत अतिथयों व तकनीकी टीम को सहायता के लिए धन्यवाद दिया।

एएनएम नर्सिंग की अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों को लेकर किया जमकर प्रदर्शन

पटना। पटना में बुधवार को एएनएम नर्सिंग की अभ्यर्थियों ने जमकर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि शेरशाह मेडिकल रिसर्च एंड ट्रेनिंग संस्थान ने एडमिशन का पूरा पैसा ले लिया है। लेकिन अब तक परीक्षा आयोजित नहीं की है। यह कॉलेज सासाराम का है, जिसका ऑफिस पटना के पिरमुहानी में है। उनसे एडमिशन के नाम पर डेढ़ लाख रुपए जमा करवाए गए हैं। परीक्षा के लिए एग्जाम डेट तो निकाला जाता है लेकिन सभी का एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया है। उनका आरोप है कि एडमिट कार्ड लेने के लिए बुलाकर नहीं दिया गया है। परीक्षा के लिए आधी लड़कियों का एडमिट कार्ड आया है और आधी का जारी ही नहीं किया गया है। अभ्यार्थी निशा कुमारी ने कहा कि उन्हें दो दिन पहले फोन आया कि पूरे पैसे जमा कर दीजिए और एडमिट कार्ड सेंटर से आकर ले लीजिए। जब सब आज सेंटर पर आए तब ग्रुप में मैसेज आता है कि अभी तक एडमिट कार्ड नहीं आया है। इसीलिए एग्जाम नहीं होगा। अब यह एग्जाम अगले साल 2024 में लिया जाएगा।

ट्रैक्टर व स्कार्पियों के बीच हुई सीधी टक्कर में एक जख्मी

केटी न्यूज/डुमरांव

- एनएच 922 पर नया भोजपुर ओपी थाना के पास हुई घटना
- ट्रैक्टर को जब्त कर चालक की पहचान में जुटी है पुलिस

बुधवार की शाम एनएच 922 पर नया भोजपुर ओपी थाना के पास एक स्कार्पियों व ट्रैक्टर में आमने सामने की टक्कर हो गई है। इस दुर्घटना में स्कार्पियों क्षतिग्रस्त हो गई है। जबकि उसके चालक को भी चोटें आई है। वही दुर्घटना को अंजाम दे ट्रैक्टर चालक अपना वाहन छोड़ फरार हो गया है। ट्रैक्टर पर मिट्टी लदी हुई है। इस संबंध मंर स्कार्पियों चालक बक्सर चरित्रवन के पुरूषोतम नारायण मिश्र ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस टैज्क्टर को जब्त कर चालक की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी पुरूषोतम नारायण आरा से बक्सर अपने घर लौट रहे थे। नया भोजपुर ओपी के पास जैसे ही वे पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक उनके स्कार्पियों के आगे आ गई। वे उससे बचने का भरपूर प्रयास किए लेकिन ट्रैक्टर से उनके वाहन में टक्कर हो गई। इसके बाद ट्रैक्टर चालक अपने वाहन से उतर भाग खड़ा हुआ। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने कहा कि ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि चालक की पहचान की जा रही है।

बैंक में पैसा जमा करने आए किशोर से 36 हजार ले भागे उचक्के

- बोला पीड़ित उचक्कों ने मेरे मुंह पर गमछा छोड़ा, इसके बाद कुछ पता नहीं चला

केटी न्यूज/डुमरांव



डुमरांव के बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा में बुधवार को दो उचक्कों ने रूपया जमा करने आए एक किशोर से 36 हजार रूपए की उचक्कई कर ली है। पीड़ित की मानें तो उचक्कों ने पहले उसके पैसों को बड़े नोटों में बदलने का आग्रह किए। लेकिन जब किशोर ने उनकी बातों को अनसुना कर दिया तो एक उचक्का ने उसके मुंह पर गमछा छाड़ दिया। इसके बाद इसे कुछ पता नहीं चला। थोड़ी देर बाद जब यह संभला तो इसके हाथ में 40 हजार के बदले मात्र 4 हजार रूपए ही शेष रह गए थे। जाहिर है उचक्के 36 हजार रूपए लेकर भागने में सफल हो गए थे। इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर डुमरांव पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बैंक के सीसीटीवी फुटेज में उपभोक्ता के शिकायतों की पुष्टि भी हुई है। बता दें कि स्टेशन रोड में लजीज बेकरी का संचालन करने वाले नगर के ढेलवानी मोहल्ला के मो मेराज बुधवार को सुबह करीब 11 बजे अपने छोटे भाई 15 वर्षीय मारूफ उर्फ बब्लू को बैंक ऑफ इंडिया में जमा करने के लिए 40 हजार रूपया दिया था। मारूफ पैसों को लेकर बैंक परिसर पहुंचा। वह फार्म भर रहा था इसी दौरान दो युवक उसके पास आए तथा कहे कि आप हमें चेंज दे दिजीए। लेकिन मारूफ ने उन्हें साफ मना कर दिया।

इसी दौरान एक उचक्का उसके चेहरे पर गमछा छाड़ दिया। जिससे यह कुछ देर के लिए सुध बुध खो बैठा। माना जा रहा है कि गमछे में कोई नशीला पदार्थ होगा। वैसे घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बैंक का सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला है। जिसमें दो युवक किशोर से पैसा लेते साफ देखे जा रहे है। इस संबंध में डुमरांव थानाध्यक्ष बिदेश्वर राम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उचक्कों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि उचक्कों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नागरिकों को अपने घर के बाहर गमले में भी पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करेगी नगर परिषद की टीम

बिहार दिवस पर हरित क्रांति का अलख जगाएगी डुमरांव नगर परिषद

केटी न्यूज/डुमरांव



डुमरांव नगर परिषद इस बार बिहार दिवस पर हरित क्रांति का अलख जगाएगी। नप की प्रेरणा व सहयोग से शहरवासी पौधरोपण कर हरित क्रांति का संदेश देंगे। नप अभियान चलाकर लाभुकों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करेगी। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। शहर के शौचालय, आवास और हर घर-नल का जल योजना के लाभुक स्वच्छता से संबंधित नारा देते हुए अपने दरवाजे या घर के गमलों में हरित क्रांति लाने के लिए एक-एक पौधा लगाकर इस अभियान का हिस्सा बनेंगे। वही आम शहरी को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा। ताकी शहर में हरित क्रांति का व्यापक प्रभाव देखने को मिले। नप सूत्रों ने बताया कि इस अभियान की शुरूआत जल्द की जायेगी। शहरी वार्डों के लाभुकों तथा आम नागरिकों के बीच एक टीम बनाकर अभियान चलाया जायेगा और स्वच्छ डुमरांव-सुंदर डुमरांव का नारा देते हुए शहर में हरित क्रांति का संदेश दिया जायेगा। डुमरांव नगर परिषद को नगर विकास व आवास विभाग ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए पौधारोपण सहित पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रम घोषित किया है। जिसको लेकर नप शहर को स्वच्छ बनाने के लिए कई कार्यक्रम की शुरूआत करेगी। शहर के खुले जगहों सहित घर-घर मे पौधारोपण होने के बाद दूषित पर्यावरण में बदलाव आयेगा और शहर के लोग स्वच्छ वातावरण में सुकून से सांस ले सकेंगे। विभाग ने सूबे के सभी निकाय क्षेत्रो में पौधारोपण अभियान चलाकर हरित क्रांति लाने का संदेश दिया ताकि धरती के गहने को वृक्ष के रूप में समर्पित कर हरियाली लाया जा सके। इस अभियान से पौधरोपण के साथ आम लोगों का व्यवहार बदलेगा और लोग वृक्षो की रक्षा करने का संकल्प लेंगे। नप के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि शहरी लाभुकों को स्वच्छता का संदेश देकर पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। लाभुक अपने घरों में पौधारोपण के लिए पौधों की खरीद खुद करेंगे और बिहार दिवस पर पौधारोपण कर हरित क्रांति का संदेश देते हुए पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लेंगे।


प्रदूषित हो गया है डुमरांव का वातावरण: डुमरांव में हरित क्रांति लाना नगर परिषद के लिए आसान नहीं है। भले ही डुमरांव नगर परिषद स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने का दंभ भर रहा है तथा कागजों में हरित क्रांति लाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही बयां कर रही है। कचरा प्रबंधन तकनीकी के अभाव में शहर के सभी निकास द्वारों पर वर्षों से कूड़ा-कचरा पसरा हुआ है। इसके अलावे सेंट्रल नाला के मिसमैनजमेंट से जलजमाव की समस्या भी गंभीर हो गई है। जो वातावरण में जहर घोल रहा है। ऐसे में नप द्वारा हरित क्रांति लाने की बात हास्यास्पद लग रही है।

विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक

- डीएम ने हड़ताल के दौरान विद्युत उपकेन्द्रों पर संविदा कर्मियों को पूर्व की भाँति विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने का दिया निर्देश

केटी न्यूज/गाजीपुर

विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल को लेकर चिंतित आला अफसरों ने सुरक्षा व लोगों की सुविधा के लिए बैठक की। इसमें जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह उपस्थिति में हड़ताल के दृष्टिगत



विद्युत उपकेन्द्र एवं सयत्रों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए की बात कही गई। एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक के दौरान डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अन्य विभागों में विद्युत का कार्य करने वाले ठेकेदारों से कहा कि आगामी 16 मार्च 2023 की रात्रि 10:00 बजे से प्रदेश स्तरीय विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर लिया जाए।

विद्युत भंडार केन्द्र पर विद्युत सामाग्री इशू करने के लिए उपेन्द्र सिंह सहायक निदेशक, विद्युत सुरक्षा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। क्षतिग्रस्त परिवर्तकों को बदलने के लिए अंजली मौर्या विद्युत सुरक्षा अधिकारी को कार्यशाला गाजीपुर एवं कार्यशाला सैदपुर हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विद्युत उपकेन्द्रों पर तैनात संविदा कर्मियों की एजेन्सी मेसर्स भारत इण्टर प्राइजेज के प्रतिनिधि राहुल सिंह को निर्देशित किया जाता है कि विद्युत उपकेन्द्रों पर संविदा कर्मियों को पूर्व की भाँति विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने के लिए निर्देशित करे, तथा किसी भी संविदा कर्मी के हड़ताल पर जाने पर उनके स्थान पर कार्य करने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था बनाना सुनिश्चित करे। मेसर्स अशोका बिल्डकॉन जो कि जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में एवी केबल डालने का कार्य कर रही है, उनके कर्मचारियों को विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात कर ब्रेक डाउन होने की अवस्था में उनसे कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। मेसर्स साई इण्टर प्राइजेज, मेसर्स नेशनल इण्टरप्राइजेज एवं मेसर्स सदानन्द इण्टर प्राइजेज को निर्देशित किया गया कि बिजली घर पर लगे उपकरणों में खराबी आने पर उसको दुरुस्त करने लिए अपने कर्मचारियों को तैयार रखे।

सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा को निर्देशित किया गया कि उनके यहाँ पंजीकृत ठेकेदारों एवं उनके अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराये। पुलिस अधीक्षक, गाजीपुर के द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विद्युत उपकेन्द्र पर पुलिस बल आज से ही तैनात किया जाय। विद्युत कर्मचारियों के द्वारा किसी भी प्रकार की तोड़-फोड़ करने पर ऐशमा एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। उनके द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि हड़ताल पर न जाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाय विद्युत विभाग के अन्तर्गत जिला मुख्यालय पर एक कन्ट्रोल रूम स्थापना की गयी है जिसका नम्बर- 9453047253 है जिस पर विद्युत व्यवधान की सूचना प्रेषित की जा सकती है इसके अतिरिक्त विभाग का टोल फ्री नम्बर-1912 जो कि पूर्व से ही कार्यरत है उस पर भी विद्युत व्यवधान की सूचना दी जा सकती है। अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व)` अरुण सिंह के ड्यूटी लगायी गयी। द्वारा राजस्व विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की विभिन्न उपकेन्द्रों पर बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शहरी एवं ग्रामीण, अधीक्षण अभियन्ता (विद्युत) राकेश मोहन, अधिशासी अभियन्ता (विद्युत) मनीष कुमार,` सुजीत कुमार सिंह, हेमन्त कुमार सिंह एवं आशीष कुमार चौहान सहित अन्य विभाग से सहयोग करने वाले अधिकारी इत्यादि मौजूद रहे।

खबरें फटाफट

फरार पशु तस्कर के घर पर की गई 82 की कार्रवाई

गाजीपुर। नुआंव थाना क्षेत्र के बड्डा गांव में गहमर थाने की पुलिस ने गो तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पर बुधवार को 82 की कारवाई की। इस दौरान आरोपी के घर पर नोटिस चिपकाया गया और ढोल नगाड़े के साथ आस-पास के लोगों को फरार चल रहे आरोपी की जानकारी दी गई। इस संबंध में गहमर थाना अंतर्गत मां कामाख्या धाम चौकी इंचार्ज बृजेश मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम व नुआंव थाने पुलिस के साथ उक्त गांव के आरोपी समहुत राम का पुत्र गोल्डन कुमार के घर पर नोटिस चिपकाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी पंजीकृत मुकदमा संख्या 157/2022,गो हत्या निवारण अधिनियम में अभियुक्त हैं। गहमर थाना क्षेत्र में उक्त आरोपी द्वारा पशु तस्करी किया गया था। इसके कारण गहमर पुलिस द्वारा गो हत्या निवारण के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं फरार चल रहे आरोपी के संबंध में गहमर पुलिस द्वारा बार-बार उसको पकड़ने के लिए तलाश किया गया, लेकिन अभियुक्त गोल्डन घर से फरार है इस संबंध में न्यायालय एसीजेएम गाजीपुर द्वारा अभियुक्त गोल्डन के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए धारा 82 सीआरपीसी की कार्यवाही के लिए आदेश जारी किया गया था।

बड़ी सफलता: गिरफ्तार मोहम्मद अरमान और अमीन को बलिया में शरण देने वालों और उसके सहयोगियों की तलाश

एटीएस ने बलिया से दो रोहिंग्या को किया गिरफ्तार फर्जी दस्तावेज बना रोहिंग्याओं को भेजते थे विदेश

- यूपी एटीएस को सूचना मिली थी कि म्यांमार व बांग्लादेश से अवैध तरीके से रोहिंग्या भारत में करते हैं प्रवेश
- इसके बाद बलिया में फर्जी पासपोर्ट और भारतीय नागरिकता संबंधी अन्य कागज तैयार करा चले जाते हैं विदेश

केटी न्यूज/बलिया



यूपी एटीएस की वाराणसी इकाई ने मंगलवार को बलिया से दो रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, आरोपी म्यांमार और बांग्लादेश से रोहिंग्याओं को भारत लाते थे, फिर विदेश भेजते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान म्यांमार निवासी म्ओहम्मद अरमान उर्फ अबू तल्हा और अब्दुल अमीन के रूप में हुई है। मोहम्मद अरमान के पास से अवैध तरीके से बनवाए गए भारतीय नागरिकता के कागजात, उसका और एक अन्य रोहिंग्या का भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, विदेशी करेंसी, सऊदी अरब का मोबाइल व सिम, भारतीय सिम लगा आईफोन बरामद किया गया। वहीं, अब्दुल अमीन के पास से रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए जारी अलग-अलग दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

यूपी एटीएस को सूचना मिली थी कि म्यांमार और बांग्लादेश से अवैध तरीके से रोहिंग्या भारत में प्रवेश करते हैं। इसके बाद बलिया में फर्जी पासपोर्ट और भारतीय नागरिकता संबंधी अन्य कागजात तैयार करा कर विदेश चले जाते हैं। इसकी पड़ताल के लिए यूपी एटीएस की वाराणसी इकाई के डिप्टी एसपी विपिन राय के नेतृत्व में इंस्पेक्टर भारत भूषण तिवारी को लगाया गया। एटीएस की पड़ताल में सामने आया कि मोहम्मद अरमान मंगलवार को बलिया में अपने सहयोगियों की मदद से अवैध तरीके से म्यांमार-भारत बॉर्डर पार कर-के आया रोहिंग्या अब्दुल अमीन का भारतीय नागरिकता का कागज बनवाने आएगा। इस सूचना के आधार पर एटीएस ने बलिया के कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी नगर मैदान से दोनों को गिरफ्तार किया। एटीएस के अफसरों ने बताया कि मोहम्मद अरमान को बलिया में शरण देने वालों और उसके सहयोगियों की तलाश जारी है।

अवैध पासपोर्ट पर कर रहा था अरब देश में नौकरी: वाराणसी एटीएस के अधिकारियों के अनुसार मोहम्मद अरमान उर्फ अबु तल्हा जो मूल रुप से म्यांमार का रहने वाला है। उसने बलिया के स्थानीय सहयोगियों की मदद से अपना नाम परिवर्तित कर अवैध तरीके से भारतीय दस्तावेज बनवाकर भारतीय पासपोर्ट बनवा लिया था। वर्ष 2015 में अवैध तरीके से भारतीय पासपोर्ट प्राप्त कर अरब देशों में जाकर पिछले सात सालों से नौकरी कर रहा था।

कौन है बलिया में सहयोगी, शिद्दत से ढूंढने में जुटी एटीएस: पकड़े गए दोनों रोहिंग्या बलिया के स्थानीय सहयोगियों की मदद से अपना नाम परिवर्तित कर अवैध तरीके से भारतीय दस्तावेज बनवाकर भारतीय पासपोर्ट बनवा लिया था। ऐसे में वह सहयोगी कौन है, ढूंढने में शिद्दत से जुट गई है यूपी एटीएस की वाराणसी यूनिट।

फेल है बलिया पुलिस का इंटेलिजेंस... एटीएस ने ढूंढ लिया, जिला पुलिस को भनक तक नहीं लगी

तिलक कुमार/बलिया

जिस प्रकार यूपी एटीएस की वाराणसी यूनिट दो रोहिंग्याओं को शहर कोतवाली क्षेत्र से धर दबोचा है। उससे बलिया पुलिस के इंटेलिजेंस सवालों के घेरे में है। रोहिंग्याओं ने बलिया के स्थानीय सहयोगियों की मदद से अपना नाम परिवर्तित कर अवैध तरीके से भारतीय दस्तावेज बनवाकर भारतीय पासपोर्ट बनवा लिया था और यह काम एक या दो दिन में तो नहीं हुआ है। लेकिन हैरत की बात तो यह है कि बलिया पुलिस का इंटेलिजेंस आखिर इन तक क्यों नहीं पहुंच पाई। जिस पर यूपी एटीएस की वाराणसी यूनिट बलिया से दो रोहिंग्याओं को धर दबोचा है, उससे यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि बलिया पुलिस का इंटेलिजेंस फेल है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि उत्तर प्रदेश स्पेशल टॉस्क फोर्स (यूपी एटीएस) की वाराणसी यूनिट को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। यूपी एटीएस ने बलिया के कोतवाली थाना क्षेत्र से दो रोहिंग्या को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए रोहिंग्याओं में मोहम्मद अरमान उर्फ अबु तल्हा एवं उसके साथ आए अन्य रोहिंग्या अब्दुल अमीन म्यांमार के रहने वाले हैं। भारत में अवैध तरीके से प्रवेश कर यहां फर्जी पासपोर्ट बनवा लिया था। यूपी एटीएस की वाराणसी यूनिट के अनुसार अवैध रूप से म्यांमार और बांग्लादेश से भारत लाकर अवैध दस्तावेजों के आधार पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर रोहिंग्या समुदाय के लोगों को भारतीय बनाकर मानव- तस्करी के माध्यम से विदेश भेजने का काम मोहम्मद अरमान कर रहा था। वाराणसी एटीएस के अधिकारियों के अनुसार मोहम्मद अरमान उर्फ अबु तल्हा जो मूल रुप से म्यांमार का रहने वाला है। उसने बलिया के स्थानीय सहयोगियों की मदद से अपना नाम परिवर्तित कर अवैध तरीके से भारतीय दस्तावेज बनवाकर भारतीय पासपोर्ट बनवा लिया था। वर्ष 2015 में अवैध तरीके से भारतीय पासपोर्ट प्राप्त कर अरब देशों में जाकर पिछले सात सालों से नौकरी कर रहा था। ऐसे में इन सात सालों से बलिया पुलिस के इंटेलिजेंस टीम आखिर कर क्या रही थी।

गिरफ्तारी के बाद लकीर पीटने में जुटी है पुलिस

यूपी एटीएस की वाराणसी यूनिट जैसे बलिया से दो रोहिंग्याओं को धर दबोचा है। वैसे लकीर पीटने के लिए बलिया पुलिस भी कूद पड़ी। शक के आधर पर दो—तीन को पुलिस उठाकर पूछताछ की, जब कुछ हाथ नहीं लगा पिफर छोड़ भी दिया। ऐसे में चर्चा इस बात की जोरों पर है कि अब तक बलिया जगी नहीं थी और अब जब यूपी एटीएस दो रोहिंग्याओं को धर दबोचा तो बलिया की पुलिस लकीर पीटने में जुट गई।

सही और गलत पर कम मुर्गा पर ज्यादा जोर

अगर किसी को पासपोर्ट बनाना है तो बलिया में आसानी से बन सकता है, क्योंकि यहां की पुलिस सही और गलत पर कम मुर्गा पर ज्यादा जोर देती है। हाल ही के दिनों में एक भाजपा नेता के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। वे जब पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए फेफना थाने गए तो वहां की पुलिस ने सुविधा शुल्क मांगा। ऐसे में भाजपा नेता ने जब यह कहा चलिए मिठाई खाने को कुछ ले लीजिए, इस पर पुलिसकर्मी बोले, मिठाई नहीं मुर्गा चाहिए।

सीएमओ पर तत्कालीन लिपिक ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

केटी न्यूज/बलिया

सीएमओ बलिया डॉ जयंत कुमार पर इनके ही अधीनस्थ तत्कालीन लेखा लिपिक पुनीत श्रीवास्तव ने निदेशक प्रशासन डॉ राजा गणपति आर (आईएएस)को शिकायती पत्र लिख कर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया है। कहा है कि 26 जुलाई 2022 को वरिष्ठ सहायक को हटा कर मुझे लेखा लिपिक का चार्ज तो दे दिया गया लेकिन मुझे संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर धर्मेंद्र पाठक के भरोसे छोड़ दिया गया। कहा है कि मै पोर्टल कैसे चलाया जाता है, इससे अनभिज्ञ था।

यह भी आरोप लगाया है कि डाटा एंट्री ऑपरेटर और सीएमओ द्वारा आपसी सांठगांठ अपनी चहेती फर्म्स को भुगतान देने के लिये मदों में हेरफेर करके टोकन जारी कराकर मुझ पर दबाव बनाकर जबरिया हस्ताक्षर कराया जाता था, जिसके कारण मै अवसाद ग्रस्त होकर बीमार हो गया हूं। श्रीवास्तव ने तीन फर्म्स के नाम से हुए भुगतान को अपने शिकायती पत्र में दशार्या है। यही नही श्रीवास्तव ने तो बलरामपुर की फर्म को सीएमओ बलिया के मित्र का होना बताया है। इस फर्म पर 80 लाख का भुगतान हुआ है। यह भी आरोप लगाया है कि मुझे हटाने के बाद भी वरिष्ठ सहायक के होते हुए भी कनिष्ठ लिपिक को लेखा का चार्ज दिया गया है, जो भ्रष्टाचार करने के लिए ही किया गया है। यह पत्र 1 नवंबर 2022 को ही निदेशक प्रशासन को भेजा गया है।

गुणवत्तापूर्वक हो निर्माण, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: डीएम

केटी न्यूज/बलिया



50 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों, सड़क निर्माण कार्य इत्यादि कुल 9 एजेंडा बिंदुओं पर समीक्षा बैठक जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में राजस्व विभाग, विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अन्य विभागों एवं समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता के साथ सम्पन्न हुई। जिसमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य, राजकीय इंटर कॉलेज सिकंदरपुर का निमार्ण कार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक बैरिया का निर्माण, जनपद न्यायालय में सीसीटीवी एवं डाटा नेटवर्किंग का कार्य, नगर पंचायत नगरा में नगर पंचायत भवन का निर्माण, नगर पंचायत रतसर कला में नगर पंचायत भवन का निर्माण, जनपद में न्यायालय के पास एसडीएम आवास में लकअप एवं कैंटीन ब्लॉक का निर्माण कार्य, नगर पालिका परिषद में लिगेसी वेस्ट के निस्तारण का कार्य, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर का कार्य, नवीन राजकीय हाई स्कूल जेएचएस तुर्की, नवीन राजकीय हाई स्कूल सवरुपुर, ग्राम पंचायत दुबेछपरा में स्थित शिव स्थल एवं तालाब का सुंदरीकरण एवं पयर्टन विकास का कार्य, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रसड़ा हॉस्टल का निर्माण का कार्य, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में हॉस्टल का निर्माण का कार्य एवं अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं/अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि जनकल्याणकारी योजनाओं द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं को गुणवत्ता पूर्वक और समय रहते ही पूर्ण किया जाए। साथ ही जितने कार्य पूर्ण हुए हैं उसकी सूची बनाई जाए। उसकी समीक्षा की जायेगी। निमार्ण कार्य में गुणवत्ता पूर्वक होनी चाहिए। कार्य में लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने का निर्देश डीएसटीओ को दिया। अगली बैठक में उपस्थित रहें अन्यथा अनुपस्थित पर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, डीडीओ राजित राम मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विजय शंकर, जिला प्रोवेशन अधिकारी मुमताज एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एक नजर

अध्यापिका प्रीति सिंह को मिला साउथ एशिया आइडल वीमेन अचीवर्स अवार्ड 2023



गाजीपुर। जनपद में तैनात अध्यापिका प्रीति सिंह को बीते 12 मार्च को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में साउथ एशिया आइडल वूमेन अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गोपाल किरण समाजसेवी संस्था द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर नवाचारी शैक्षिक सेमिनार का आयोजन किया गया। समारोह में देश के 21राज्यों से 150 महिलाओं का चयन उनके सशक्त एवं विशिष्ट कार्यों के द्वारा समाज में जागरूकता तथा महिला शसक्तीकरण के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें जनपद के कंपोजिट विद्यालय परतापीपुर, सैदपुर की शिक्षिका को भी साउथ एशिया आइडल वूमेन अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। रेसकोर्स स्थित ट्रांजिट हॉस्टल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव लक्ष्मीचंद गौतम व आईपीएस डॉक्टर बीपी अशोक ने किया। बतौर मुख्य अतिथि लक्ष्मी चंद गौतम ने महिला सुरक्षा पर चर्चा की। इसके साथ ही महिलाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संकीर्ण विचारधारा से ऊपर उठकर महिलाओं को आगे बढ़ना होगा। वक्ताओं ने कहा कि पुरुष वर्ग को अपनी आय का एक हिस्सा महिलाओं को देना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश सिंह नेम ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। गाजीपुर में तैनात एसआरजी प्रीति सिंह को अवार्ड मिलने पर लोंगो ने बधाई दी।

स्नातकोत्तर महाविद्यालय से एक नकलची पकड़ाया

गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में चल रही पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के क्रम में बुधवार को सुबह की पाली में बीएससी तृतीय सेमेस्टर भौतिक विज्ञान एवं बीएड की परीक्षाएं सम्पन्न हुई। जिसमें एक परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा गया। स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में 22 बीएड महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुबह की पाली में भौतिक विज्ञान तृतीय सेमेस्टर में कुल पंजीकृत परीक्षार्थीयों की संख्या 288 थी। जिसमें 273 उपस्थित एवं 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान नकल करते हुए एक नकलची को पकड़ा गया। साथ ही बीएड तृतीय सेमेस्टर सेमेस्टर प्रथम प्रश्न- पत्र की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 2058 परीक्षार्थियों में 2039 उपस्थित एवं 19 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की सूचिता एवं पारदर्शिता को लेकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए परीक्षा विभाग, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संपर्क में है।

शक्ति पीठ के रूप में विख्यात मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारी को दिया जा रहा अंतिम रूप

मां कामाख्या मंदिर में भीड़ को नियंत्रित करने पर जोर

केटी न्यूज/गाजीपुर

पूर्वांचल के प्रसिद्ध शक्ति पीठ के रूप में विख्यात मां कामाख्या धाम मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में मंदिर के पुजारियों के साथ महंत आकाश राज तिवारी ने बुधवार को बैठक की। नवरात्र में इस मंदिर पर देश के कोने -कोने से श्रद्धालुओं का मां के दर्शन के लिए भारी भीड़ जमा होती है। किसी भी भक्त को दर्शन करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए मंदिर समिति द्वारा पहले से ही सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाती है।



बुधवार को महंत आकाश राज तिवारी ने सभी पुजारियों के साथ बैठक की। महंत आकाश राज तिवारी ने बताया कि मंदिर के चारों ओर रंग रोगन के साथ साथ नारियल, चुनरी एवं प्रसाद की दुकानें सज गई है। यहां होने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने कमर कस लिया है। प्रशासन की तरफ से यहा व्यापक पैमाने पर सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। पुलिस के जवानों के साथ साथ तीसरी आंख भी पूरे परिसर की निगहबानी करेगी। हमारा प्रयास है कि किसी भी भक्त को दर्शन करने में कोई भी असुविधा न हो। उक्त अवसर पर हिमांशु तिवारी,डब्लू गहमरी,राजू बाबा, बबुआ बाबा, अनुज चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

जिन खेतों में ट्रांसफार्मर, वहां की फसलें काटने का निर्देश

मऊ। रतनपुरा 33/11 केवी विद्युत उप केंद्र के अवर अभियंता राकेश कुमार ने रतनपुरा प्रखंड के सभी किसान बंधुओं से आग्रह किया है कि जिन किसानों के खेत में ट्रांसफार्मर अवस्थित है, उस ट्रांसफार्मर के नीचे 10 गुणे 10 की लंबाई चौड़ाई में फसल की कटाई कर दें। जिससे ट्रांसफार्मर से निकलने वाली चिंगारी से फसल को बचाया जा सके। अवर अभियंता राकेश कुमार ने कहा कि फसलें अगले 10 से 15 दिनों में पक कर बिल्कुल तैयार हो जाएंगी,इसलिए अपने-अपने खेतों पर लगे ट्रांसफार्मर के आसपास लगभग 10 गुणे 10 फिट तक सफाई



व्यवस्था कर दें,ताकि किसी भी प्रकार से इलेक्ट्रिसिटी फॉल्ट होने पर बिजली के तारों से निकलने वाली चिंगारी से आपकी खड़ी फसल को कोई नुकसान ना पहुंचे। किसानों द्वारा यह कार्य तत्काल किया जाना आवश्यक है। ताकि आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके।